राष्ट्रीय हिन्दी मेल 29 वां वर्ष

इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

सर्वाधिक चर्चित अखबार

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

न दबाव, न भेदभाव

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष- 23 अंक- 23 | www rashtriyahindimailÐin | इंदौर, रविवार 19 अक्टूबर 2025 । कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी 2082 | पृष्ठ-8 मूल्य, पांच रुपये


2 शनि प्रदोष पर महाकाल मंदिर में मनाया धनतेरस


5 शामगढ़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित


6 वल्लभभाई पटेल ने देखा था एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना...


7 आज से शुरू होगी ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

### मप्र किसानों को धनतेरस पर बम्पर सौगात : सोलर पंप पर 90 प्रतिशत सब्सिडी

# सड़क पर नहीं फेंकनी पड़ेगी फसल -मुख्यमंत्री

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

धनतेरस के मौके पर मध्य प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि प्रदेश में किसानों को अब सोलर पंप खरीदने के लिए 40 फीसदी की जगह केवल 10 फीसदी राशि ही देनी होगी। 90 फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करेगी। इतना ही नहीं, इस योजना का लाभ अब 3 हॉर्स पावर कनेक्शन वाले किसान भी उठा सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस में आयोजित किसान आभार सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान हित में कई घोषणाएं की हैं। प्रदेश भर से जुटे हजारों किसानों के बीच सीएम ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में कम दाम की वजह से किसानों को अपनी फसलें सड़कों पर नहीं फेंकनी पड़ेंगी, सरकार फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर उनकी फसलें खरीदेगी।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में कुछ फसलें अधिक हो जाती हैं, तो किसानों को उन्हें फेंकना पड़ता है, जो अन्न का अपमान है। उन्होंने कहा, किसानों को अब फसल फेंकनी नहीं पड़ेगी। भविष्य में सरकार की फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर उनकी फसल खरीद लेगी। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा। सीएम ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश का नक्शा लेकर यह रिसर्च करने के निर्देश दिए हैं कि कहां कौन सी फसल होती है, ताकि उसी आधार पर यूनिट्स लगाई जा सकें।



### अन्नदाता की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सारे पुण्य एक तरफ और अन्नदाता की सेवा एक तरफ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोलर पंप योजना पर बड़ी राहत देते हुए सीएम ने कहा, अभी तक सोलर पंप खरीदने पर उसकी कीमत का 40 फीसदी किसान और 60 फीसदी दाम सरकार देती थी। मैं इस मंच से घोषणा करता हूं कि, अब किसानों को सोलर पंप खरीदने के लिए महज 10 फीसदी कीमत देनी होगी। बाकी 90 फीसदी कीमत सरकार देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों के पास 3 हॉर्स पावर के कनेक्शन हैं, उन्हें भी 5 हॉर्स पावर का सोलर पंप दस फीसदी कीमत पर ही मिल जाएगा।

### पीएम आवास योजना में प्रदेश के 49 लाख परिवारों को मिला अपना घर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपना घर हर किसी का सपना होता है। अपने घर की खुशी से बढ़कर और कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 4 करोड़ से अधिक लोगों को उनका मकान बनाकर दिया है। प्रधानमंत्री का खुद का कोई घर नहीं है, लेकिन देश के सभी नागरिकों को मकान देना उन्होंने अपना लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नीमच के 348 परिवार अपने सालों पुराने सपने को हकीकत में बदलते देख रहे हैं। यह दिवाली उनके जीवन की सबसे सुंदर दीपावली बनकर आई है, क्योंकि इस बार सभी अपने घर में में दिवाली मनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से नगर पालिका नीमच द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजेक्ट के तहत निर्मित आवासों की सुंदर कॉलोनी का वर्चुअल लोकार्पण कर हितग्राहियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 348 परिवारों को गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए घर के लाभार्थियों से संवाद कर सभी को धनतेरस के दिन मिले नये आवास और पंच दिवसीय दीपोत्सव की मंगलकामनाएं भी दीं।





# रतलाम में भक्तों के 2 करोड़ रुपए से सजा महालक्ष्मी मंदिर

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, रतलाम**

रतलाम में मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। किसी में 10 तो किसी में 500 रुपए नजर आ रहे हैं।

इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी है। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी।

मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपए से मंदिर को सजाया गया है। आज तक यहां से एक रुपया इधर से उधर नहीं हुआ है। धन राशि देने वालों में रतलाम के अलावा प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

दीपोत्सव के पहले दिन यानी आज धनतेरस से मंदिर की सजावट को भक्त निहार सकते हैं। संभवतः यह देश का पहला ऐसा मंदिर है, जो पांच दिनों तक भक्तों द्वारा अर्पित आभूषण और नोटों से सजा रहता है।

## » नेनो बीफ्र

### धनतेरस पर सोने-चांदी की कीमत धड़ाम



**मुंबई।** धनतेरस पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिलीं। एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) के मुताबिक,24 कैरेट सोने की कीमत, जो हाल ही में प्रति 10 ग्राम 1,32,294 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची थी, लगभग 3 प्रतिशत गिरकर 1,25,957 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं, चांदी में और भी तेज गिरावट देखी गई, जो 8 प्रतिशत से अधिक घटकर 1,70,415 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,53,929 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी आग



**अमृतसर।** शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लुधियाना से दिल्ली जा रही अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के कोच नंबर 19 में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 7.30 बजे की है। जैसे ही यात्रियों ने कोच से धुआं उठते देखा, तुरंत चेन पुल करके ट्रेन को रोक दिया गया। रेलवे और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### तेलंगाना रेवंत सरकार लाने वाली है अनोखा कानून

# माता-पिता की अनदेखी करने वाले कर्मचारियों की कटेगी सैलरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य एक ऐसा कानून लाने जा रहा है, जिसके तहत अगर कोई सरकारी कर्मचारी अपने माता-पिता की अनदेखी करता है, तो उसके वेतन का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा काटकर उपेक्षित माता-पिता को दिया जाएगा।

नवचयनित ग्रुप-द्वद्व कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने उनसे आग्रह किया कि वे उन लोगों के प्रति दयालु रहें जो उनके पास समस्याएं लेकर आते हैं। रेड्डी ने कहा, हम एक कानून ला रहे हैं। अगर कोई सरकारी कर्मचारी अपने माता-पिता की अनदेखी करता है, तो उसके वेतन का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा काटकर उसके माता-पिता के बैंक खाते में जमा कर दिया जाएगा। आप ही इस कानून का मसौदा तैयार करेंगे। जिस तरह आपको मासिक वेतन मिलता है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके माता-पिता को भी इससे मासिक आय प्राप्त हो। रेड्डी ने मुख्य सचिव रामकृष्ण राव से इस कानून का मसौदा तैयार करने के लिए अधिकारियों की एक समिति बनाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नए अधिकारियों को तेलंगाना राइजिंग 2047 विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप राज्य को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। रेड्डी ने राज्य में अपने 10 साल के शासन के दौरान ग्रुप-द्व और ग्रुप-द्वद्व की अधिसूचनाएं जारी न करने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की भी आलोचना की।

### टेरिटोरियल फाइट में 5 वर्षीय मादा तेंदुआ की मौत



**बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी वन मंडल क्षेत्र में एक घटना में पांच वर्षीय मादा तेंदुआ की मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में संभावना जताई गई है कि, उसकी मौत किसी अन्य बिग कैट से हुए आपसी संघर्ष के चलते हुई है। बड़वानी डीएफओ आशीष बंसोड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह पिपलाज ग्राम के किसान नीलज पटेल के मकई के खेत में मादा तेंदुआ का शव देखा गया। यह स्थान बड़वानी से लगभग 7 किलोमीटर दूर और नर्मदा नदी तट से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### महिला विश्वकप मैच पर बारिश का साया...

इंदौर में आज भारत ओर इंग्लैंड के बीच महिला विश्व कप का मैच होना है शनिवार को दोपहर हुई जोरदार बारिश के कारण टीम का अभ्यास नहीं हो पाया बारिश के चलते ग्राउंड को किया कवर रखा है। आज भी मौसम विभाग के अनुसार बारिश का अनुमान है। ऐसा होता है तो मैच के दौरान बाधा उत्पन्न हो सकती है।




### ढाका हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग, उड़ानें हुईं रद्द



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसके बाद वहां से सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट पर आग लगने की घटना दोपहर लगभग 2.15 बजे कार्गो टर्मिनल में हुई। आग इतनी तेज थी कि काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया, जिसके कारण सभी उड़ानें तत्काल निलंबित कर दी गईं। गनीमत ये रही कि, इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले में बिमान बांग्लादेश एयरलाइन्स के प्रवक्ता कौसर महमूद ने बताया कि आग लगते ही हवाई अड्डे की दमकल टीम, वायुसेना की फायर यूनिट और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और मिलकर आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।

### पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन अफगानी क्रिकेटरों समेत 8 की मौत







**राष्ट्रीय हिंदी मेल, काबुल**

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ युद्धविराम समाप्त होते ही भीषण हवाई हमला किया, जिसमें अफगान क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच 48 घंटे का युद्धविराम समझौता था, और इस दौरान स्थानीय मीडिया ने दोहा में शांति वार्ता की संभावना जताई थी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।

पाकिस्तान का दावा है कि अफगानिस्तान की धरती पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकी गतिविधियां चला रहा है और उसे वहां शरण मिल रही है। दूसरी ओर, अफगानिस्तान ने इसे अपना आंतरिक मामला बताते हुए पाकिस्तान पर आईएसआई के आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाया।

साल 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद पाकिस्तान बेहद उत्साहित था। उसे उम्मीद थी कि तालिबान उसकी और आईएसआई की कठपुतली बनेगा। इस दौरान पाकिस्तान ने तालिबान के 100 से अधिक कैदियों को रिहा भी किया था।

### धनतेरस पर दीपोत्सव की भव्य शुरुआत

# 'मुख्यमंत्री ने की भगवान धन्वंतरि की पूजा, मंत्रीगण व जनप्रतिनिधि पहुंचे बाजारों में'













**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

मध्यप्रदेश में दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस के साथ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अपने निवास पर पूजन किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- दीपोत्सव के शुभारंभ पर्व धनतेरस पर भोपाल निवास में भगवान धन्वंतरि की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के आरोग्य, धनैश्वर्य और कल्याण हेतु प्रार्थना की। भगवान की कृपा और आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे, यही मंगलकामना है। वहीं इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धनतेरस पर बर्तन बाजार, सराफा पहुंचे। यहां उन्होंने दुकानदारों से कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ था। विधायक गोलू शुक्ला भी अपनी पत्नी के साथ राजवाड़ा खरीदारी करने पहुंचे वहीं नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी बाजार में दुकानदारों से मिले। इसी तरह भोपाल में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ न्यू मार्केट खरीदारी करने पहुंचे। यहां उन्होंने चांदी का सिक्का खरीदा। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने मंडला में सडक़ किनारे लगे ठेले वालों से खरीदारी की।

### भारत-चीन के रिश्तों में नया उछाल

## 5 साल बाद शुरू हुई शंघाई-दिल्ली उड़ान

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, बीजिंग**



चीन की सरकारी कंपनी चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस 9 नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ानें फिर से शुरू करेगी। चाइना ईस्टर्न एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर इसकी घोषणा की है। इस उड़ान को पांच साल की रोक के बाद फिर से शुरू किया जा रहा है। हाल के दिनों में अमेरिकी की आक्रामक व्यापार नीतियों के कारण भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों में नरमी आई है। भारत और चीन के बीच सीधी हवाई यात्रा को इसी का परिणाम बताया जा रहा है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के ऑनलाइन टिकट बिक्री प्लेटफ़ॉर्म पर शनिवार को बताया गया कि ये उड़ानें सप्ताह में तीन बार बुधवार, शनिवार और रविवार को संचालित होंगी।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच वाणिज्यिक उड़ानें पांच साल की रोक के बाद फिर से शुरू होंगी। यह घोषणा शंघाई सहयोग संगठन के क्षेत्रीय सुरक्षा समूह की शिखर बैठक के लिए सात साल से ज्यादा समय में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा के बाद की गई।

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | खुला- 83.331.78 | पिछला बंद - 83,952.19 |
| निफ्टी | खुला- 25,546.85 | पिछला बंद -25,709.85 |
| सोना | 1,33,795 रुपए | 10g of 24k (99.9%) |
| चांदी | 1,72,000 रुपए | 1kg |
| डॉलर | 88.77 रुपए | प्रति डॉलर |

## न्यूज ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में सुनाया अहम फैसला

**देवास।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर पीठ ने धनशोधन के एक बड़े मामले में आरोपी कमल राठौर को राहत दी है। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (इनफ़ोर्समेंट डायरेक्टरते) द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक ईसीआईआर, आईएनएसझेडओ, 012025 से संबंधित है, जिसमें आरोपी पर 20 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी के आरोप हैं। जांच से यह भी सामने आया कि आरोपी, उसके परिजनों और परिचितों के 59 बैंक खातों में लगभग 20 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा की गई थी। आरोपी के व्यक्तिगत खाते में भी लगभग 56 लाख रुपए का लेनदेन पाया गया। आवेदक की ओर से अधिवक्ता पालाश चौधरी (पुत्र सुरेश चौधरी, देवास) ने पैरवी की।

### लैपटाप के फीचर ठीक करने के दौरान 43 हजार की ठगी

**देवास।** शहर के एबी रोड स्थित क्रोमा शोरूम में लैपटॉप ठीक कराने गए एक युवक के साथ साइबर धोखाधड़ी हो गई। लैपटॉप के फीचर ठीक करने के नाम पर 20 रुपए का भुगतान करते समय युवक के खाते से किश्तों में 43,000 रुपए कट गए। पीड़ित ने इस मामले में शोरूम मैनेजर के साथ-साथ पुलिस और साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने शोरूम कर्मचारियों की मिलीभगत का भी संदेह जताया है। जय माली नाम के युवक ने पुलिस को बताया कि उसने 16 अक्टूबर को क्रोमा शोरूम से एक लैपटॉप खरीदा था। घर ले जाने के बाद लैपटॉप के कुछ मुख्य फीचर, खासकर माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सेटिंग्स, ठीक से काम नहीं कर रही थीं। जब वह यह समस्या लेकर वापस शोरूम पहुंचा, तो कर्मचारियों ने उसे ठीक करने के लिए 20 रुपए का भुगतान करने को कहा। आरोप है कि जैसे ही जय माली ने 20 रुपए का भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू की, उसके खाते से अलग-अलग किश्तों में कुल 43,000 रुपए कट गए। उन्होंने सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के अनेक निर्णयों का उल्लेख करते हुए यह तर्क रखा कि, भले ही आरोपी पर बड़ी राशि के दुरुपयोग और संपत्ति खरीद के आरोप हों

### गोमती नगर में बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

**देवास।** दीपावली के शुभ अवसर पर सर्व श्री हरि वेलफेयर सोसाइटी एवं लायंस क्लब देवास गोल्ड के संयुक्त तत्वावधान में खुशियों की पोटली कार्यक्रम का आयोजन श्री हरि गार्डन, गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां और रोशनी फैलाना था। इस अवसर पर बच्चों को उपहार स्वरूप खुशियों की पोटली वितरित की गई, जिसमें मिठाइयां, दीपक, बाती तेल टि शर्ट , पटाखे, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री शामिल थी। अतिथियों ने बच्चों संग समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, सत्ता पक्ष नेता मनीष सेन, एमआईसी मेंबर गणेश पटेल, एवं पूर्व महापौर रेखा वर्मा, डॉ. समीरा नईम शामिल थे।

### पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष शिंदे का निधन

**देवास।** वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब देवास के पूर्व



अध्यक्ष अनिल शिंदे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार सुशील शिंदे के बड़े भाई थे। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा सुपर मार्केट स्थित निज निवास से निकली, जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची, जहां पुत्र अक्षय शिंदे ने मुखाग्नि दी। स्व. अनिल शिंदे के निधन पर समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, पूर्व सभापति अंसार अहमद, पत्रकार अनिलराजसिंह सिकरवार, असलम खान, अतुल बागलीकर, हेमंत शर्मा, जगदीश सेन, सूरजसिंह गौड़, संतोष मोदी, जाकिर उल्लाह, डॉ. बबलू शेख, विरेन्द्र दरबार, संतोष गोस्वामी, अभय नागर, मुर्तजा सैफी, मनोहर ब्राह्मणी धीरज सेन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

**तस्करों से लाख रुपए लेकर उन्हें छोड़ने का आरोप**

# शामगढ़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल मंदसौर।**



मंदसौर जिले की खाकी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सिवनी में पुलिसकर्मियों द्वारा 2.96 करोड़ रुपए की हवाला रकम लूटने का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब मंदसौर जिले से खाकी को शर्मसार करने वाली एक और बड़ी खबर सामने आई है। शामगढ़ थाना क्षेत्र में डोडाचूरा तस्करों से लाख रुपए लेकर उन्हें छोड़ने के आरोप में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने शामगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे, उप निरीक्षक अविनाश सोनी, प्रधान आरक्षक दिलीप बघेल और आरक्षक मनीष मोगिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### लाख की डील का बड़ा खुलासा

शिकायत के बाद जब यह मामला पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें डील की बातचीत के संकेत मिले। प्राथमिक जांच में लेन-देन के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर एसपी मीना ने बिना देर किए चारों पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह मामला सिर्फ एक डील तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्व के डोडाचूरा मामलों में भी लेन-देन की चर्चा सामने आई है।

### पहले भी विवादों में रहे हैं निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे

निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे का विवादों से पुराना नाता रहा है। मंदसौर जिले में उनकी पहली पोस्टिंग अफजलपुर थाना में हुई थी। वहां कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें आने पर उन्हें हटा दिया गया था। बाद में गरोठ थाना में पदस्थ होने पर मछली विवाद में एक ग्रामीण की मौत के मामले में ठेकेदार से लेन-देन कर मामला हल्का करने के आरोप लगे थे। पूर्व एसपी अभिषेक आनंद ने भी उन्हें शामगढ़ से हटाया था, लेकिन उन्होंने न्यायालय से स्टे लेकर दोबारा पदभार संभाल लिया था। अब एक बार फिर उनके ऊपर वही पुराने आरोप साबित हुए हैं

### ग्राम आकली के तस्करों से हुई बातचीत

सूत्रों के अनुसार, ग्राम आकली शिवदास में पुलिस टीम अवैध शराब पकड़ने के लिए पहुंची थी, लेकिन वहां पुलिस को करीब एक क्विंटल डोडाचूरा मिला। कार्रवाई करने की बजाय पुलिस टीम ने तस्करों से समझौता कर लिया और मौके से उन्हें जाने दिया। शिकायत में यह भी सामने आया कि किसी सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से लाख रुपए की डील तय की गई थी। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे ने स्थानीय तस्करों से बातचीत कर यह रकम तय की। इसके बाद केवल एक आरोपी को मामले में शामिल दिखाया गया।

---

# माता टेकरी पर कुबेर देवता की पूजा अर्चना कर महाआरती की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



देवास नगर जनहित सुरक्षा समिति द्वारा धन्वंतरि जयंती पर मां चामुंडा टेकरी सीडी मार्ग स्थित धन के देवता कुबेर की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर 101 दीपकों से महाआरती की गई। उपस्थित समिति सदस्यों ने आर्थिक सुख समृद्धि को लेकर कुबेर देवता से कामना की। इस अवसर पर समिति के अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गौड़, विजय सिंह तंवर, सुनील सिंह ठाकुर सुभाष वर्मा, सुरेश रायकवार, सत्यनारायण यादव, सुभाष चावड़ा, अनूप दुबे, दीपक मालवीय, लाड सिंह दरबार, अर्पित बेस आदि उपस्थित थे।

---

**धनतेरस के साथ दीपोत्सव पर्व दीपावली प्रारंभ**

# घर-घर हुई पूजा, बाजारों में रही रौनक, खरीददारों की उमड़ी भीड़



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

त्यौहार हमारे सुख और हर्षोल्लास के प्रतीक हैं जो परिस्थिति के अनुसार अपने रंग-रूप और आकार मे भिन्न होते है। त्योहार मनाने के विधि-विधान भी भिन्न हो सकते हैं। किंतु इनका अभिप्राय पुण्य की प्राप्ति या किसी विशिष्ट आस्था का संरक्षण होता है। सभी त्योहारों से कोई न कोई किवंदती अवश्य जुड़ी हुई है। इनका संबंध आस्था से होता है। समाज सेवी सुनील जैन ने बताया कि त्यौहारों की इन्हीं कड़ी में आता है। दीपावली महोत्सव जिसका भारतवर्ष में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों में दीपावली का सामाजिक और धार्मिक दोनों ही दृष्टि से अत्याधिक महत्व है। नगर में दीपावली को लेकर काफी उत्साह है और महंगाई के इस दौर में भी गरीब से अमीर तक अपने आर्थिक बजट के अनुसार बाजारों में निकलकर खरीददारी कर रहा है। दीपावली पर्व की धनतेरस को लेकर घंटाघर, बांबे बाजार में बड़ी रौनक देखी गई। बड़ी संख्या में दीपावली की लोग खरीददारी कर रहे हैं।

धनतेरस के दिन सुबह से रात्रि तक घंटाघर क्षेत्र मुंबई बाजार आउट टाउन हॉल पर दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। घंटाघर के फुटपाथ पर मिट्टी के दिए, झाड़ू, ढाणी की दुकानों से लेकर सराफा बाजार, बरतन बाजार, कपड़ा बाजार,रेडीमेड बाजार, किराणा, मिठाई दुकान के साथ फोर व्हीलर और टू व्हीलर दुकानों पर भी भारी भारी भीड़ रही और लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार खरीदी की।

---

# धनवंतरि जयंती पर वैद्यों ने किया धन्वंतरि की पूजन आरती

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन, जिला शाखा देवास के तत्वाधान में आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि जयंती का पावन आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष वैद्य बंशीलाल वर्मा के दोप्रदी नगर स्थित निवास पर किया गया। सचिव जे.सी. परिहार ने बताया कि पूजन कार्यक्रम 18 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैद्य डॉ. डी.एल. तकझरे रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने उपस्थित समस्त वैद्यों से सामूहिक रूप से आरती सम्पन्न करवाई।

पूरे वातावरण में मंत्रों की गूंज और भक्ति का भाव मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। कार्यक्रम के दौरान वैद्य योगेन्द्र नारायण तकझरे ने भगवान धन्वंतरि के जीवन, आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। भगवान धन्वंतरि का आशीर्वाद हम सभी को निरोग और प्रसन्न बनाए रखे।

इस अवसर पर सुभाष भार्गव, मोहनलाल मनवानी, डॉ. सतीष जय सिंघानी, जगदीशचंद्र परिहार, कमलेश दुबे, वैद्य सुधा वर्मा, वैद्य विद्यावती खत्री, वैद्य अपूर्वा पुराणिक सहित अनेक वरिष्ठ वैद्यजन, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजन ने भगवान धन्वंतरि की आरती कर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

---

# प्राध्यापक यशवंतराव केलकर की कार्यपद्धति पथप्रदर्शक : चेतस

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, देवास नगर इकाई द्वारा अभाविप के शिल्पकार प्राध्यापक यशवंतराव केलकर जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यशवंत प्रेरणा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महारानी पुष्पमाला राजे शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटावा, देवास में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. विभाग संघ चालक अजय गुप्ता एवं विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं निवृत्त अभियंता रमेश शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अभाविप मध्यक्षेत्र संगठन मंत्री चेतस सुखाडिया ने कहा कि प्राध्यापक यशवंतराव केलकर जी द्वारा दी गई कार्य पद्धति आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विद्यार्थी परिषद अपनी विशिष्ट कार्यपद्धति और आचारसंहिता के कारण आज देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन बना है, और इस कार्य प्रणाली के शिल्पकार यशवंतराव केलकर जी ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रा. केलकर जी ने संगठन निर्माण में न केवल वैचारिक दृढ़ता प्रदान की, बल्कि छात्र नेतृत्व के माध्यम से समाज परिवर्तन की दिशा भी तय की। उनका जीवन अनुशासन, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक रहा है।

---

# देर रात प्रोफेसर के घर चोरी 30 हजार रूपए लेकर फरार

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



मोती बंगला क्षेत्र की यशवंत कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक प्रोफेसर के घर चोरी की वारदात हो गई। इंदौर मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वसीम खान के घर में घुसा चोर पर्स में रखे 30 हजार रुपए चुराकर ले गया। चोर लैपटॉप और एटीएम कार्ड घर पर ही छोड़ गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान ने बताया कि घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। जब वे सुबह उठे तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला, तब उन्हें चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि एक बदमाश घर में घुसा था। चोर ने अलमारी से भी चोरी करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया। प्रोफेसर ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान यहां अपने पिता, पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं।

---

# आतिशबाजी की बिक्री केवल अस्थाई शेड में होगी, नियम उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल धार।**

जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी (फटाखे, फूलझड़ी) के संग्रह एवं विक्रय हेतु स्पष्ट किया है कि आतिशबाजी की बिक्री हेतु केवल अस्थाई शेड में ही स्थापित की जाएं।। विस्फोटक नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक अस्थाई अनुज्ञप्ति में आतिशबाजी संग्रह एवं विक्रय हेतु आवश्यक जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्थान एवं मात्रा आवश्यक रूप से प्रदर्शित की जाए। साथ ही अनुमति स्थल पर आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए तथा रहवासी बस्ती में बिना अनुमति के दुकान नहीं लगाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि अनुमति स्थल पर जिस स्थान पर आतिशबाजी की दुकान लगेगी, उस स्थान पर पर्याप्त पानी एवं बालू रेत की बोरी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए एवं विस्फोटक नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तब तक आतिशबाजी ना बेची जाए तब तक उनके साथ कोई वयस्क व्यक्ति ना हो।

रहवासी, आबादी क्षेत्र में बिक्री होने पर संबंधित का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। आतिशबाजी को सुरक्षित एवं बंद ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखना अनिवार्य होगा। अस्थाई दुकानें एक दूसरे से 5 मीटर की दूरी पर एवं किसी भी सुरक्षित कार्यशाला से 100 मीटर की दूरी पर रहेगी। दुकान एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होगी, दो दुकानों के बीच विभाजन में टीन की चादर का ही प्रयोग करेंगे। सुरक्षा दूरी के अंदर एवं इन दुकानों में प्रकाश हेतु किसी भी प्रकार का तेल, लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्तियां का प्रयोग नहीं किया जाएगा। किसी बिजली की लाइन का प्रयोग किया जाता है तो उसे या तो दीवार पर या छत पर दृढ़ता से लगाना होगा।

किसी भी प्रकार के तार लटकते नहीं होंगे, इन बत्तियां के लिए बटन छत के पास लगाने होंगे एवं एक पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना होगा। किसी दुकान के 100 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन पूर्णत: प्रतिबंध होगा। प्रत्येक मास्टर स्विच के फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए ताकि, शार्ट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वत: बंद हो जाएगी।

अस्थाई आतिशबाजी की दुकान आबादी क्षेत्र से दूर खुले स्थान पर लगाना अनिवार्य होगा। यदि कोई व्यक्ति या दुकान इस नियम का उल्लंघन करती पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

**पुस्तक का विमोचन**

# पुस्तक नागर विमानन की बाइबिल-हुसैन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) श्री शिवकुमार मोहन का द्वारा नागर विमानन पर लिखी गई पुस्तक आधुनिक विमानन की खोज (अबोव एंड बियॉन्ड - एक्सपलोरिंग द अमेजिंग वर्ल्ड ऑफ़ अविशन) का विमोचन नई दिल्ली में नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू द्वारा किया गया। विमोचन अवसर पर मंत्री श्री नायडू ने इस पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक नागर विमानन के क्षेत्र में विश्वकोश का कार्य करेगी। वहीं, पूर्व नागर विमानन मंत्री श्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने इस पुस्तक को नागर विमानन की बाइबिल बताया। इस पुस्तक में श्री मोहनका ने नागर विमानन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं का सरल और रोचक वर्णन किया है। इसमें यह बताया गया है कि विमान के हवा में रहने पर मुंह का स्वाद क्यों बदल जाता है, विमान के ऊपर उठने या नीचे आने पर कानों में दर्द क्यों होता है, विमान में बैठने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और उड़ान के दौरान सुरक्षा के कौन-कौन से उपाय अपनाने चाहिए। इसके साथ ही पुस्तक में नागर विमानन क्षेत्र से जुड़े संभावित खतरों और सावधानियों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है। बैंक नोट प्रेस, देवास में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने सभी बीएनपी स्टाफ और सीआईएसएफ बल के सदस्यों को इस पुस्तक के बारे में जानकारी दी और उन्हें इसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। यह पुस्तक अब अमेजन (अमेजन्) और बुक सेंट्रल (बुक सेंट्रल) पर उपलब्ध है।

---

# निकायों की मतदाता सूची के संबंध में कार्यक्रम

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल मंदसौर।**

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था। अब 21 नवम्बर 2025 को होगा।

फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे। पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

---

# घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर की गई कार्रवाई, 16 सिलेंडर जब्त, प्रकरण दर्ज



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल मंदसौर।**

जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण चंद्रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं संयुक्त जांच दल द्वारा मल्हारगढ़ शहरी क्षेत्र में नया बाजार, देवराचौक एवं बस स्टैण्ड क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान 4 विभिन्न प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का बिना दस्तावेज के व्यावसायिक उपयोग पाया गया।

इस पर दल द्वारा कुल 16 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर आवश्यक प्रकरण दर्ज किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू कार्यों हेतु ही अनुमन्य है। इनका व्यावसायिक उपयोग कानूनन प्रतिबंधित है। उन्होंने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग न करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला युवक को धमकाया

इंदौर। फरियादी मालती बाई पति भेरूलाल निवासी चंद्रावती गंज के घर में घुसकर कमलाबाई पति रमेश ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वही कुंदन नगर में रहने वाले महेश रघुवंशी के साथ अजय यादव ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### गांजा शराब सहित चार बंदी

इंदौर। तिलक नगर पुलिस ने विनोद खत्री और अशोक जाट को पकड़ा। इनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस हीरानगर ने दिलीप चौहान और कमलेश यादव से दो पेटी शराब जप्त की। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### टक्कर से चाचा भतीजे घायल

इंदौर। लव कुश चौराहे पर बाइक पर जा रहे हैं दिनेश पिता मुन्नालाल यादव और भतीजा राहुल यादव निवासी कालिंदी गोल्ड सिटी को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### हथियार सहित चार धराएं

इंदौर। भंवरकुवा पुलिस ने विनय पिता नरेश साहू से तलवार और शुभम पिता हेमंत यादव से चाकू बरामद किया है। इसी प्रकार छतरीपुरा पुलिस ने असलम पिता इस्माइल खान से चाकू और विजय पिता मदनलाल वर्मा से तलवार बरामद कर सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### युवक को कुल्हाड़ी मारी

इंदौर। फरियादी जगदीश पिता राधेश्याम धाकड़ निवासी ग्राम बनेड़िया देपालपुर को पुराने विवाद को लेकर बसंत पिता मोतीलाल कलोता ने कुल्हाड़ी मार दी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### झगड़ा करते पांच बंदी

इंदौर। गांधीनगर पुलिस ने बीच रोड पर हंगामा करते हुए कैलाश पिता कांतिलाल राठौड़ श्याम पिता हेमराज सोलंकी जितेंद्र पिता उमाशंकर वर्मा और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बहु को दहेज प्रताड़ना

इंदौर। फरियादी काजल सोनी 28 साल निवासी पार्श्वनाथ कॉलोनी की रिपोर्ट पर पति राजेंद्र सोनी सास इंदिरा सोनी ससुर बाबूलाल सोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। काजल ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से 5 लख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

### गांजा पीते सात बंदी

इंदौर। राहु पुलिस ने रंगवासा क्षेत्र में गांजा पीते हुए दीपक पिता कन्हैयालाल चौहान नितिन पिता वसंत पवार महेश पिता ओमप्रकाश चौधरी नरेंद्र पिता दुलीचंद खत्री और तीन अन्य को पकड़ा है। इनके पास से नशे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### किशोर का अपहरण

इंदौर। फरियादी प्रकाश पिता घनश्याम मालवीय निवासी मुसाखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 16 वर्षीय बेटा राजेश को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

### कार के कांच फोड़े

इंदौर। फरियादी आशुतोष पिता बाबूलाल त्रिवेदी निवासी अमितेश कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी कार के कांच देर रात अज्ञात बदमाशों ने फोड़ दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### किशोरी ने जहर खाया

इंदौर। शीतल नगर में रहने वाली किशोरी ने जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जाता है कि मोबाइल फोन पर बात करने पर मां ने उसे फटकार लगाई थी। इसी के चलते हैं उसने यहां कदम उठाया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दीपावली के पांच दिनी त्यौहार की शुरुआत धनतेरस के साथ







# घरों में धन-धान्य की पूजा, बाजारों में रात तक रही रौनक

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

दीपावली के पांच दिनी त्यौहार की शुरुआत शनिवार को धनतेरस के साथ हुई। घरों से लेकर बाजारों तक धनतेरस की धूम रही। घरों में धन-धान्य की पूजा हुई और शुभ मुर्हूत में दीप लगाए गए। वहीं बाजारों में रात तक रौनक रही।

शहर में धनतेरस पर तीन सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ। लोगों ने बाइक, कार, प्लॉट, सोने-चांदी के जेवरों की जमकर खरीदारी की। सप्ताह भर पहले जिन परिवारों ने वाहन, इलेक्ट्रॉनिक आयटम की बुकिंग की है। वे धनतेरस पर घर लाई गई। फिर पूजा के बाद उनका उपयोग शुरू हुआ।

धनतेरस का पांच दिनों दीप पर्व शुरू हो चुका है। 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, 20 को दीपावली, 21 को भी अमावस्या रहेगी।

धनतेरस पर इंदौर में कई इलाकों में बारिश भी हुई। इस कारण बाजारों की सजावट थोड़ी देर के लिए फीकी पड़ गई, लेकिन बारिश रुकते ही बाजारों में फिर भीड़ नजर आई। इंदौर के खजराना मंदिरों में नए वाहनों की पूजा करने वालों की भीड़ लगी रही।

धनतेरस पर बर्तन बाजार को सजाया गया। बर्तनों से दुकानों की सजावट देखते ही बनती थी। सराफा बाजार भी दुल्हन की तरह सजा-धजा नजर आया। सुबह से ही दुकानें खुल गई और ग्राहकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। कनाड़िया, एमटीएस कपाउंड, मारोठिया, कपड़ा बाजार, श्रमिक क्षेत्र सहित कई बाजार देर रात तक शनिवार को खुले रहे। शहर की सड़कों पर ट्रैफिक भी बााधित होता रहा, लेकिन ज्यादातर चौराहों पर पुलिस जवान नजर आए।

### बेमौसम बारिश ने डाला खलल

इंदौर में बेमौसम बारिश ने दीपावली त्यौहार के उत्साह में खलल डाल दिया। शहर के अलग-अलग इलाकों में तेज व रिमझिम बारिश का दौर दोपहर में चला। धन तेरस को देखते हुए ज्यादातर दुकानों के बाहर टेंट व झालरों से सजावट की गई थी। सामान भी बाहर डिस्प्ले किया गया था। तेज बारिश होते ही व्यापारियों ने ग्राहकों को छोड़कर बाहर रखा सामान समेटना शुरू कर दिया।

### सड़क पर व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियों को नुकसान

बेमौसम बारिश ने सड़क पर पूजन सामग्री बेचने वालों का भी नुकसान किया। राजवाड़ा, नंदा नगर मेनरोड, मालवा मिल, पलासिया सहित अन्य इलाकों में सड़क किनारे पटरी पर सजी दुकानों को समेटना पड़ा। शहर में मानसून की विदाई हो गई है, लेकिन पश्चिमी मध्य प्रदेश पर कम दबाव के क्षेत्र का असर है। इस कारण अगले दो तीन दिन तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। शुक्रवार को भी शहरी सीमा से लगे इलाकों में बारिश हुई।

### पटाखा व्यापारियों की बढ़ी परेशानी

शहर में रीजनल पार्क में थोक पटाखा मार्केट लगा है। कई व्यापारियों का माल खुले में रखा था। बारिश का मौसम होते ही व्यापारियों ने मजदूरों की मदद से पटाखों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। कई दुकानदार खुले में सामान बेचते हैं। उनका सामान भी खराब हो गया। शहर के अलग-अलग स्थानों पर लगे पटाखा मार्केट में भी व्यापारियों को पटाखे खराब होने की चिंता सताने लगी। शहर के कई बड़े शोरुमों, मॉल, दुकानों और घरों के बाहर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। कुछ शो-रुमों ने तो सज्जा पर ही डेढ़ से दो लाख रुपये खर्च किए,लेकिन बारिश के कारण उनका भी नुकसान हो गया। पानी के कारण कई झालरें खराब हो गई। इसके अलावा आटोमोबाइल शो-रुमों के बाहर रखे नए वाहन भी पानी में भीगते रहे।

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा

# घर में लगी भीषण आग बालक की मौत

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

शुक्रवार शनिवार की देर रात विजय पैलेस क्षेत्र में स्थित एक घर में भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त घर में परिवार के 6 सदस्य थे। जिसमें 10 साल के एक बालक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा रात्रि 2 बजे के लगभग हुआ। पुलिस ने बताया कि एजाज खान के घर में रखे कबाड़ में आग लगी। वहां स्पंज का सामान रखा था जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग ने घर को चपेट में ले लिया और पूरे घर में धुआं फैल गया। जिस कमरे में परिवार के लोग और बच्चे सो रहे थे वहां भी धुआं भर जाने से सभी का दाम घटने लगा। जिसके कारण परिवार जग और आग बुझाने लगा लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस बीच पड़ोसियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने परिवार के घायल सदस्यों को एंबुलेंस से चोइथराम अस्पताल भिजवाया। हादसे में रहमान 10 साल की दम घुटने से मौत हो गई। बाकी पांच लोग गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में उपचारत है।

पुलिस ने बताया कि एजाज खान उनकी पत्नी अनीशाबी दो बेटियां अल्फिया और नजमा और दो



बेटे रहमान और रियान का दम घुटने लगा। सभी को घायल अवस्था में चोइथराम अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें रहमान की मौत हो गई जबकि पत्नी दोनों बेटियां और एक बेटा वेंटिलेटर पर है। एजाज की हालत खतरे से बाहर है। इनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है इन्हें आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंत्री विजयवर्गीय के कट्टर समर्थक बिल्डर की हत्या

इंदौर। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में देर रात एक बिल्डर की चाकू मार कर हत्या कर दी। मुर्दा की पहचान अंकित राठौर निवासी तेलीबाखल के रूप में हुई है। वह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का समर्थक बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले पुराने विवाद की बात सामने आई है। अंकित की फरार आरोपी लाल पंडित से कहा सुनी हुई थी। जिसके दौरान अंकित ने उसे थप्पड़ मार दिया था। इसी बात को लेकर लालू ने अपने साथी राजू के साथ मिलकर कल देर रात अंकित पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल अंकित को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलती ही मल्हारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी की लेकिन आरोपियों का पता नहीं चला। टी आई वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि दोनों आरोपी इसी क्षेत्र में रहते हैं। पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के घरों पर छापा मारा। हत्या के पीछे मंदिर से जुड़ा विवाद होने की भी जानकारी सामने आई है।

मंत्री विजयवर्गीय ने निभाई पंरपरा

# धनतेरस पर बैठे अपनी दुकान पर, ग्राहकों को समान दिया

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 40 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन उनका पुश्तैनी काम किराना व्यापार है। नंदानगर स्थित अपनी दुकान पर विजयवर्गीय हर साल धनतेरस पर आकर पूजा करते हैं और फिर कुछ देर के लिए ग्राहकों को सामान भी देते हैं। शनिवार को भी वे दुकान पर पहुँचे और ग्राहकों को पुड़िया बाँधकर दी। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें समय मिलता है, वे दुकान पर आकर बैठते हैं।

विजयवर्गीय ने बताया कि उनके पिता मिल में काम करते थे। मिल की तनख्वाह से परिवार का गुजारा नहीं होता था। इस कारण किराने की दुकान खोली। इसी दुकान से परिवार का पालन-पोषण होता रहा। मेरी फीस किराने की दुकान की कमाई से ही चुकाई जाती थी। उन्होंने बताया कि पिताजी ने दुकान की शुरुआत दूध, चाय की पत्ती और गुड़ बेचने से की थी, लेकिन धीरे-धीरे व्यापार बढ़ा। हमारी दुकान पर ग्राहकों की भी तीसरी पीढ़ी आ रही है, उन्होंने कहा। इस बार पिछले साल की तुलना में दीपावली पर ज्यादा सामान



धनतेरस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने परंपरागत अपनी पुरानी दुकान पर बैठ ग्राहकों को समान तोलकर दिया

बिका है। उन्होंने यह भी बताया कि जीएसटी की स्लैब कम होने का फायदा आम लोगों को मिला है। स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दुकान पर भी स्वदेशी वस्तुएँ रखी हैं।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय राजनीति के माहिर खिलाड़ी तो हैं ही, साथ में कई व्यापारों में भी हाथ आजमा चुके हैं। उन्होंने पटाखे का कारोबार भी किया है। इसके अलावा, नमक का व्यवसाय भी कर चुके हैं। विजयवर्गीय ने पूर्व मंत्री अनिल माधव दवे के साथ सॉफ्टड्रिंक की एक फैक्ट्री भी खोली थी, हालाँकि वह बिजनेस ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया।

इंदौर पुलिस की एक और नई पहल

# पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर की, हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक्स की शुरुआत

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक, भीड़भाड़ वाले बाजारों और संकरी गलियों में यातायात नियंत्रण चुनौतीपूर्ण कार्य को आसान और स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक की एक नई पहल की शुरुआत की है।

स्मार्ट पुलिसिंग की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा आधुनिक संसाधनों व सुविधाओं से लैस 11 बुलैट बाइक्स को हरी झंडी देकर फील्ड के लिए रवाना किया गया। इस दौरान अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्या.) आर. के. सिंह , पुलिस उपायुक्त यातायात आनंद कलादगी सहित ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त आधुनिक बाइक्स की जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर ने बताया कि, इन पैट्रोलिंग बाइक्स के माध्यम से इमरजेंसी लाइट और



पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियंत्रण और दिशा-निर्देश देने में सहायक होगा, अग्निशमन यंत्र, बॉडी वार्न कैमरा, फर्स्ट एड किट होने से दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान कर सकेंगे। यह पेट्रोलिंग बाइकें उन स्थानों पर खास उपयोगी साबित होंगी जहां बड़ी गाड़ियाँ पहुँच नहीं पातीं तंग गलियाँ और भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र त्यौहार आयोजनों के दौरान पैट्रोलिंग, ट्रैफिक नियंत्रण, हाईवे पर दुर्घटना या जाम की स्थिति में त्वरित पहुंच इन बाइकों के माध्यम से पुलिसकर्मी तेजी से मूवमेंट कर सकेंगे और रियल टाइम एक्शन लेकर ट्रैफिक फ्लो को सुचारू रख पाएंगे।

यह कदम न केवल यातायात प्रबंधन को सशक्त बनाएगा, बल्कि "स्मार्ट पुलिसिंग" की दिशा में भी एक बड़ा परिवर्तन साबित होगा। उन्होंने बताया कि अभी दीपावली के त्यौहार को देखते हुए ये 11 बाइक्स महत्वपूर्ण बाजारों व क्षेत्रो में 22 अक्टूबर तक लगातार पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्था व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण करेंगी।

# भावांतर योजना : संभाग में 1,45,188 किसानों ने कराया पंजीयन

### कृषकगण 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक विक्रय कर सकेंगे सोयाबीन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

राज्य शासन की भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन फसल के लिए किसानों का पंजीयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने रकबे का पंजीयन कराया है। इंदौर संभाग के आठों जिलों में कुल 432 पंजीयन केन्द्रों पर 1,45,188 किसानों ने सोयाबीन भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर जिले में 61 पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से 46,061 किसानों ने योजना में पंजीयन कराया है। जिले में सोयाबीन बोवनी का कुल रकबा 2,41,236 हेक्टेयर है, जिसमें से 1,22,809 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत हुआ है, जो कुल बोवनी का 50.91 प्रतिशत है।

धार जिले में 80 केन्द्रों पर 37,940 किसानों ने पंजीयन कराया है। यहां कुल बोवनी का रकबा 2,97,859 हेक्टेयर है, जिसमें से 1,06,464 हेक्टेयर पंजीकृत हुआ है, जो 35.74 प्रतिशत है।

खण्डवा जिले में 73 केन्द्रों पर 20,001 किसानों ने पंजीयन कराया है। कुल 1,88,491 हेक्टेयर बोवनी रकबे में से 46,652 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत (24.75%) हुआ है।

बड़वानी जिले में 47 केन्द्रों पर 13,455 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। जिले में 20,741 हेक्टेयर में बोवनी हुई, जिसमें से 15,592 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत हुआ है। यह अनुपात 75.18 प्रतिशत है, जो संभाग में सर्वाधिक है।

इसी तरह खरगोन जिले में 75 केन्द्रों पर 13,364 किसानों ने पंजीयन कराया। यहां कुल बोवनी का रकबा 89,107 हेक्टेयर है और 24,799 हेक्टेयर रकबा (27.83%) पंजीकृत हुआ है।

इंदौर संभाग में भावांतर योजना के अंतर्गत किसानों की बढ़ती भागीदारी को शासन द्वारा सराहा गया है। कृषि विभाग द्वारा बताया गया है कि पंजीकृत किसानों को भावांतर भुगतान का लाभ नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक सोयाबीन मंडियों में विक्रय कर सकेंगे। किसानों को भावांतर राशि का भुगतान सीधे पंजीकृत बैंक खाते में किया जायेगा।



### 272 मोबाइल फोन जप्त कर लौटाए

इंदौर। सिटीजन कॉप एप्लीकेशन के गुम मोबाईल फोन की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए कुल 272 मोबाईल फोन जप्त किये गये हैं जिसमें हजारों रूपयें की कीमत के मंहगे मोबाईल फोन शामिल हैं, बरामद मोबाईल फोन में 02 आईफोन, 01 बेनको , 02 हॉनर , 04 इनफिक्स , 01 आई क्यु, 01 आइटैल , 01 लावा , 10 एम आइ , 05 मोटोरोला , 01 नोकिया , 02 नथिंग , 13 वन प्लस , 45 ओप्पों , 03 पोको , 32 रियल मी , 24 रेडमी , 21 सेमसंग , 08 टेक्नो , 96 वीवों कंपनियों के हैं।

किन्नरों का विवाद भोपाल तक पहुंचा

# बीजेपी ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग भोपाल से बनेगी नई एसआईटी

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

इंदौर में चल रहे किन्नर समाज के दो गुटों का मामला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस पूरे मामले में लगातार नए मोड़ सामने आ रहे हैं और अब इसकी आंच भोपाल तक पहुंच गई है, जिसके बाद एक नई एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित होने की संभावना जताई जा रही है। किन्नरों के दो गुटों में बढ़ते विवाद के बाद बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात की और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, अब राज्य स्तर पर एक नई एसआईटी गठित करने पर विचार किया जा रहा है, जो इंदौर की मौजूदा एसआईटी की जांच की निगरानी करेगी और पूरे मामले की जांच भोपाल से ही संचालित होने की संभावना है। शुक्रवार को किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी कलेक्टर शिवम वर्मा से मिलने पहुंचे। उन्होंने सपना और उनके वकील सचिन सोनकर पर गंभीर आरोप लगाए। त्रिपाठी ने कहा कि दोनों मिलकर उन्हें और उनके अनुयायियों को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, वकील सचिन सोनकर ने त्रिपाठी के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। सोनकर ने कहा कि उन्होंने नंदलालपुरा के किन्नरों के खिलाफ जो भी आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह तथ्यों और सबूतों पर आधारित हैं।

### आरोप झूठे तो इनाम

यह मामला तब और गरमा गया जब बुधवार शाम पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में 24 किन्नरों ने एक साथ फिनाइल पी लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान एमवाय अस्पताल के बाहर चार किन्नरों ने पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उनसे बोतल छीनकर मामला शांत किया। वकील सोनकर ने दावा किया कि उन्होंने प्रशासन के सामने पायल उर्फ नईम अंसारी और सीमा के खिलाफ विदेशी फंडिंग और किन्नरों के साथ बदसलूकी से जुड़े वीडियो और दस्तावेज पेश किए हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर ये आरोप झूठे साबित होते हैं, तो वे खुद 11 लाख रुपए का इनाम देने को तैयार हैं। इधर, पायल हाजी ने भी सामने आकर सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पायल का कहना है कि उनके खिलाफ पहले भी एसआईटी जांच हो चुकी है।

### गादी और संपत्ति का पुराना विवाद

किन्नरों के इन दो गुटों में संपत्ति और गादी (गद्दी) को लेकर भी पुराना विवाद चल रहा है। इस मामले में सीपी संतोष सिंह पहले भी एक एसआईटी का गठन कर चुके हैं, लेकिन एसआईटी तीन महीने बाद भी खाली हाथ है। पहले इस एसआईटी में मुख्य भूमिका डीसीपी ऋषिकेश मीणा निभा रहे थे, लेकिन उनके ट्रांसफर होने के बाद जांच ठप पड़ गई।

स्वामी विजय कुमार दास के लिए प्रकाशक, मुद्रक पृथ्विजय कुमार दास के द्वारा मेसर्स डीबी कार्प लिमिटेड के लिए 44-45/ए,59-51/ए सेक्टर एफ इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड, इंदौर से मुद्रित, 197 सांईकृपा कॉलोनी, (बाम्बे हॉस्पिटल के समीप), इंदौर से प्रकाशित
संपादक - पृथ्वीजय कुमार दास ( मो. 9971085589 ) *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * प्रधान संपादक विजय कुमार दास ( मो. 9617565371 ) *डिजीटल समूह संपादक राकेश राठौर RNI. No. : MPHIN/2003/13302
समाचार संपादक-अरुण हार्डिया ( 9424540114 ), संपादकीय कार्यालय: ईसी-5 स्कीम नम्बर 94, उत्तमभोग के पास, इंदौर (07314678868), सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। ( rashtriyahindimailindoreoffice@gmail.com )